**प्रेस विज्ञप्ति**

# सीएमडी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान इरेडा की ऐतिहासिक प्रदर्शन और वित्तीय वर्ष 2023-24 के लक्ष्यों के बारे में सभी कर्मचारियों को संबोधित किया




नई दिल्ली, 5 अप्रैल, 2023

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने आज वर्चुअल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सभी कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कंपनी की उपलब्धियों पर संबोधित किया और वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए । उन्होंने कंपनी द्वारा हासिल किए गए महत्वपूर्ण माइलस्टोन पर प्रकाश डाला और अधिक चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए इस गति को जारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इरेडा ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान अब तक का सर्वाधिक वार्षिक ऋण संस्वीकृति 32,587 करोड़ रुपये और 21,639 करोड़ रुपये का ऋण संवितरण किया है,जिसमें गत वित्तीय वर्ष के दौरान संस्वीकृत ऋण 23,921 करोड़ रुपये और ऋण संवितरित 16,071 करोड़ रुपये की तुलना में क्रमशः 36.22% और 34.64% की वृद्धि दर्ज की गई। यह कंपनी के इतिहास में उच्चतम वार्षिक ऋण संवितरण और संस्वीकृत का प्रतीक है, जोकि पिछले तीन वर्षों के दौरान अपनी अनुकरणीय वृद्धि को जारी रखे हुए है।

श्री दास ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे इरेडा ने पिछले कुछ वर्षों में लगातार वृद्धि हासिल की है, जोकि वित्तीय वर्ष 2019-20 में एमओयू स्कोर 45.83 से वित्तीय वर्ष 2020-21 में 96.93 और वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान एमओयू स्कोर 96.54 साक्ष्य है । वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए हम 'उत्कृष्ट' रेटिंग की भी उम्मीद कर रहे हैं। यह अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और भारत के सतत विकास में योगदान करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। यह एमओयू स्कोर सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा निर्धारित अपने पूर्व निर्धारित लक्ष्यों के लिए कंपनी के प्रदर्शन का एक संकेतक है।



सीएमडी ने इन उपलब्धियों को संभव बनाने के लिए इरेडा के कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहना की। कंपनी ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के विकास करने के लिए अपने भागीदारों और हितधारकों के योगदान को भी स्वीकार किया। श्री दास ने पुनः पुष्टि की

कि इरेडा माननीय प्रधान मंत्री के 'पंचामृत' लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित क्षमता की 500 गीगावाट प्राप्त करने में एक अभिन्न अंग है।

आगे की ओर देखते हुए, इरेडा वित्तीय वर्ष 2023-24 में माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री आर.के. सिंह, माननीय राज्य मंत्री, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, रसायन और उर्वरक मंत्रालय ,श्री भगवंत खुबा, एमएनआरई के सचिव, विद्युत मंत्रालय के सचिव , एमएनआरई, एमओपी और भारत सरकार के अन्य विभागों के अधिकारियों के मार्गदर्शन में और अधिक चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। । सीएमडी ने कंपनी की पहुंच का विस्तार करने और आरई क्षेत्र को बढ़ावा देने पर इसके प्रभाव को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इरेडा के सीएमडी ने कंपनी के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए टीमवर्क और सहयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के विकास में तेजी लाने के लिए इरेडा अपने भागीदारों और हितधारकों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा।